दिन– रविवार दिनांक– 14 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – पिछले तीन चार वर्ष में आठ करोड़ रोजगार सृजित होने से बेरोजगारी के मुद्दे पर दुष्प्रचार करने वालों को करारा जवाब मिला।

02. राज्य में सक्षमता परीक्षा पास शिक्षकों की काउंसिलिंग एक अगस्त से शुरू होगी।

03. मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज, पश्चिम चंपारण, सीवान, रोहतास और समस्तीपुर जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की आशंका जतायी।

04. और, भारत ने चौथे टी–ट्वेंटी क्रिकेट मुकाबले में जिम्बाब्वे को दस विकेट से पराजित कर सीरीज में अजेय बढ़त प्राप्त की। श्रृंखला का अंतिम मुकाबला आज खेला जायेगा।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले तीन–चार वर्ष में आठ करोड़ रोजगार सृजित किए गए हैं, जिससे बेरोजगारी के बारे में दुष्प्रचार करने वालों को करारा जवाब मिला है। मुंबई में, भारतीय रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि देश में कौशल विकास और रोजगार की आवश्यकता है और केन्द्र सरकार इस दिशा में काम कर रही है। श्री मोदी ने कहा कि दुष्प्रचार करने वाली ताकतें निवेश, बुनियादी ढांचा विकास और देश की आर्थिक प्रगति के शत्रु हैं।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि मीडिया को सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को बढ़ावा देने में सहयोग करना चाहिए। मुंबई में, इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी टावर्स के उद्‌घाटन समारोह में, श्री मोदी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए '**एक पेड़ मां के नाम**' पहल की दुनिया भर में सराहना की गई है। उन्होंने कहा कि मीडिया इसे जन–आंदोलन बनाने में सहयोगी हो सकता है। श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए अगले पच्चीस वर्षों की यात्रा में पत्र–पत्रिकाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने यह भी कहा कि मीडिया लोगों को उनकी ताकत के बारे में जागरूक करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मीडिया घरानों को दुनिया की दूसरी भाषाओं में भी अपना संस्करण पेश कर भारतीय परिप्रेक्ष्य को वैश्विक स्तर पर ले जाना चाहिए।

---

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने खाद्य और संबद्ध क्षेत्रों में कार्यरत कंपनियों के साथ गोलमेज वार्ता की अध्यक्षता करते हुए कंपनियों को वर्ल्ड फूड इंडिया दो हजार चौबीस में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड फूड इंडिया दो हजार चौबीस का आयोजन उन्नीस से बाईस सितंबर तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में किया जाएगा। इस वार्ता में आगामी वर्ल्ड फूड इंडिया दो हजार चौबीस के लिए भारत में कंपनियों की भविष्य की योजनाओं और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के साथ साझेदारी की संभावनाओं पर भी मंत्री ने विचार–विमर्श किया।

---

राज्य में सक्षमता परीक्षा पास शिक्षकों की काउंसिलिंग एक अगस्त से शुरू होगी। शिक्षा विभाग के अनुसार सक्षमता परीक्षा में एक लाख सत्तासी हजार नियोजित शिक्षक सफल हुये हैं, जिन्हें जिला आवंटित कर दिया गया है। सफल नियोजित शिक्षकों की काउंसिलिंग आवंटित जिलों में होगी।

---

राज्य में मध्याह्न भोजन योजना में गड़बड़ी करने के आरोप में अट्ठाईस प्रधानाध्यापकों पर अनुशासनिक और आर्थिक दंड लगाने की कार्रवाई की जा रही है। मध्याह्न भोजन योजना के निदेशक मिथिलेश मिश्र ने बताया कि भोजन योजना से संबंधित पांच सौ तिहत्तर शिकायतें मिली थी, जिनकी जांच में सड़सठ आरोप सही पाये गये, जिसके बाद यह कार्रवाई की जा रही है।

---

प्रदेश के प्रत्येक पंचायत में खेल क्लब और मैदान की स्थापना की जायेगी। खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता ने बिहार राज्य खेल प्राधिकरण की ओर से पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित खेल क्लबों की स्थापना और संचालन पर हुई बैठक में कहा कि जिस पंचायत के पास भूमि उपलब्ध नहीं होगा उस पंचायत में भूमि अधिग्रहण कर मैदान का निर्माण कराया जायेगा। खेल मंत्री ने कहा कि अन्तरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों को छात्रवृति नीति की उत्कर्ष योजना के तहत पच्चीस लाख रूपये वार्षिक और राष्ट्रीय पदक पाने वालों को सक्षम योजना के अन्तर्गत पांच लाख रूपये की छात्रवृति दी जायेगी। इस मौके पर खेल मंत्री ने खेल छात्रवृत्ति योजना के पोर्टल का शुभारंभ भी किया। श्री मेहता ने कहा कि राज्य के नौ प्रमंडलों में मल्टीपर्पस स्टेडियम बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आगामी उनतीस अगस्त को राजगीर में अंतर्राष्ट्रीय खेल अकादमी और राज्य खेल सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा।

---

प्रदेश में अवैध रूप से चलने वाली बसों की जांच के लिये अभियान चलाया गया। परिवहन सचिव संजय अग्रवाल ने बताया कि इस दौरान अनियमित रूप से चलायी जा रही दो सौ बावन बसों से सैंतालीस लाख सत्तासी हजार रूपये जुर्माने की राशि वसूल की गयी है। जबकि छब्बीस बसों को जब्त कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि फिटनेस फेल होने के बाद भी अगर बस चलाये जायेंगे तो इसके लिए संबंधित जिला परिवहन पदाधिकारी और मोटर यान निरीक्षण अधिकारी जिम्मेदार होंगे। उन पर कार्रवाई की जायेगी।

---

खगड़िया जिला की डीआईयू और एसटीएफ की टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर पचास हजार का इनामी सूर्य प्रताप सिंह उर्फ निशांत सिंह को मुजफ्फरपुर से गिरफ्तार किया है। महेशखूंट थाना में दर्ज हत्या का प्रयास, रंगदारी, आर्म्स एक्ट जैसे कुल अठारह गंभीर मामलों में पुलिस को उसकी तलाश थी। वहीं, पटना जिले के नदी थाना क्षेत्र की पुलिस ने जेठुली हत्याकांड मामले में फरार पचास हजार रूपये के इनामी अपराधी राम प्रवेश यादव को दीघा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।

---

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता के कारण बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान तापमान में बड़े बदलाव की सम्भावना नहीं है लेकिन इसके बाद तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक तापमान बढ़ सकता है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज, अररिया, पश्चिम चंपारण, गोपालगंज, सीवान, रोहतास, औरंगाबाद और समस्तीपुर जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की आशंका है। वहीं, राज्य के शेष हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण जिले के सिकटा में सबसे अधिक एक सौ चालीस दशमलव छह मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। वहीं, बेगूसराय जिले के दो अलग–अलग स्थानों पर वज्रपात से तीन लोगों की मौत हो गयी।

---

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के चलते घाघरा, गंडक, बागमती, कमलाबलान, कोसी, महानंदा और अधवारा समूह की नदियां उफान पर है। जल संसाधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी के जलस्तर में भी

बढ़ोत्तरी की प्रवृति बनी हुयी है। इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि वाल्मीकिनगर गंडक बराज से लगातार पानी छोड़े जाने के कारण नए इलाके बाढ़ की चपेट में आ रहे हैं। पश्चिम चंपारण जिले का योगापट्टी प्रखंड बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित है। पूर्वी चंपारण और गोपालगंज जिले में भी गंडक नदी तबाही मचा रही है। इधर, सीतामढ़ी से हमारे संवाददाता ने बताया कि बागमती नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी होने से निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। दरंभगा में कमलाबलान नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। ब्योरे के साथ हैं हमारे संवाददाता——

———बाईट———

दरभंगा में कमलाबलान नदी का जलस्तर बढ़ने से कुशेश्वर स्थान पूर्वी प्रखंड की इटहर पंचायत के सभी सात गांव बाढ़ की चपेट में आ गये हैं। बाढ़ से लगभग दस हजार की आबादी प्रभावित हुयी है। सरकारी विद्यालयों में पानी घुसने से पठन—पाठन प्रभावित हुआ है। वहीं, खेतों में लगी फसल की भी बड़े पैमाने पर क्षति हुयी है। अंचलाधिकारी गोपाल पासवान ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के आवागमन के लिए पच्चीस नाव उपलब्ध कराई गयी है। बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत सामाग्री का भी वितरण किया जा रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए दरभंगा से मणिकांत झा।

मधुबनी जिले में कोसी, कमला बलान और भूतही बलान नदी की बाढ़ से लगभग एक लाख की आबादी प्रभावित है। शिवहर जिले में बागमती और लालबकैया नदी में उफान के कारण कई निचले इलाकें बाढ़ की चपेट में आ गये हैं। सहरसा जिले में कोसी नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी से जगह—जगह कटाव हो रहा है। कई सड़कें क्षतिग्रस्त हो गयी हैं। एक रिपोर्ट——

———बाईट———

कोसी नदी में आई बाढ़ के कारण महिषी अंचल क्षेत्र के तटबंध के अंदर स्थित एना पंचायत की एना—मंगरौनी आरडब्लूडी सड़क पंद्रह फीट में क्षतिग्रस्त हो गयी है। इससे आस—पास के गांव का सड़क संपर्क भंग हो गया है। वहीं, नवहट्टा की हाटी पंचायत के देवका से कटियाही जाने वाली सड़क और पुलिया भी क्षतिग्रस्त हो गयी है। इधर, तटबंध के अंदर बसे गांव में बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं है। आकाशवाणी समाचार के लिए सहरसा से आरती कुमारी।

सुपौल जिले में भी बाढ़ की स्थिति जस की तस बनी हुयी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि छातापुर प्रखंड में सुरसंड नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी से सैंकड़ों एकड़ जमीन में लगी फसल क्षतिग्रस्त हो गयी है। इधर, मधेपुरा जिले में कोसी नदी ने तबाही मचानी शुरू कर दी है। कई निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। एक रिपोर्ट——

———बाईट———

मधेपुरा जिले के आलमनगर प्रखंड क्षेत्र के किशनपुर रतवारा, खापुर और गंगापुर पंचायत के कई गांव पर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। अंचलाधिकारी दिव्या कुमारी ने बताया कि बाढ़ की आशंका को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने बताया कि तीन जगहों पर नाव परिचालन की व्यवस्था की गयी है। इधर, चौसा प्रखंड के पांच पंचायतों में कोसी नदी का पानी फैल गया है। इससे लगभग पच्चीस हजार की आबादी प्रभावित हुयी है। सड़कों पर पानी आ जाने से आवागमन भी बाधित हुआ है। आकाशवाणी समाचार के लिए मधेपुरा से मनीष कुमार वत्स।

भागलपुर जिले में भी कोसी और गंगा नदी के जलस्तर में हो रहे बढ़ोतरी से निचले इलाकों पर बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।

———————————————————————————

भारत और जिम्बाब्वे के बीच खेले जा रहे पांच टी–ट्वेंटी क्रिकेट मैचों की सीरीज के चौथे मुकाबले में भारत ने जिम्बाब्वे को दस विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही भारत को तीन–एक की अजय बढ़त मिल गयी है। जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर एक सौ बावन रन बनाये। भारत ने यह लक्ष्य सोलहवें ओवर में ही हासिल कर लिया। यशस्वी जयसवाल ने तिरानवे रन बनाए और उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। श्रृंखला का अंतिम मैच आज हरारे में खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार शाम साढे चार बजे से शुरू होगा।

———————————————————————————

अररिया जिले के फारबीसगंज थाना क्षेत्र से पुलिस ने इक्कीस ग्राम स्मैक के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

सीवान के सराय थाना क्षेत्र के पासवान चौक के पास अपराधियों ने जय प्रकाश विश्वविद्यालय के पूर्व कुलसचिव और राज सिंह कॉलेज के दर्शन विभाग के प्रोफेसर रवि प्रकाश सिन्हा को गोली मारकर घायल कर दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने विधानसभा उपचुनावों के नतीजे को बड़ी खबर बनाया है। अखबार लिखता है– देश में इंडिया गठबंधन को दस और एनडीए को दो सीटें मिली, रूपौली में निर्दलीय शंकर सिंह जीते, जदयू पराजित।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– परीक्षाओं में गड़बड़ियों के बाद एनटीए का बदला रवैया, अब छुपाने लगी हैं, सूचनाएं।

दैनिक भास्कर ने केन्द्र सरकार के जनगणना शुरू कराये जाने की खबर पर शीर्षक दिया है– चार साल बाद जनगणना की तैयारी में केन्द्र, दो हजार पच्चीस से राष्ट्रव्यापी हाउस लिस्टिंग सम्भव।

प्रभात खबर ने लिखा है– महाबोधि मंदिर परिसर के नीचे छिपे हैं, पुरातात्विक अवशेष।

आज अखबार की सुर्खी है– नेपाल के प्रधानमंत्री बनने को ओली तैयार।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – पिछले तीन चार वर्ष में आठ करोड़ रोजगार सृजित होने से बेरोजगारी के मुद्दे पर दुष्प्रचार करने वालों को करारा जवाब मिला।

02. राज्य में सक्षमता परीक्षा पास शिक्षकों की काउंसिलिंग एक अगस्त से शुरू होगी।

03. मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज, पश्चिम चंपारण, सीवान, रोहतास और समस्तीपुर जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की आशंका जतायी।

04. और, भारत ने चौथे टी–ट्वेंटी क्रिकेट मुकाबले में जिम्बाब्वे को दस विकेट से पराजित कर सीरीज में अजेय बढ़त प्राप्त की। श्रृंखला का अंतिम मुकाबला आज खेला जायेगा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।